**राज्य सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1916**

**04 दिसंबर, 2019 को उत्तर के लिए**

**तैयार इस्पात के निर्यात में कमी**

**1916. श्री मनीष गुप्ताः**

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) आयातों की तुलना में तैयार इस्पात के निर्यात की वर्तमान स्थिति क्या है, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या यह सच है कि वर्तमान में देश के तैयार इस्पात के निर्यात में गिरावट हो रही है, यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ग) सरकार ने किसी नई नीति के माध्यम से इस प्रवृत्ति को बदलने के लिए कौन-सी कार्रवाई शुरू की है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**इस्पात मंत्री (श्री धर्मेंद्र प्रधान)**

(क): आयात की तुलना में फिनिश्ड इस्पात निर्यात की वर्तमान स्थिति निम्नानुसार है:

(मात्रा हजार टन में)

| **फिनिश्ड इस्पात का कारोबार** | | | |
|---|---|---|---|
| **वर्ष/अवधि** | **निर्यात** | **आयात** | **निवल कारोबार** |
| 2018-19 | 6.36 | 7.84 | -1.48 |
| अप्रैल-अक्टूबर 2018-19 | 3.83 | 4.68 | -0.85 |
| अप्रैल-अक्टूबर 2019-20 | 4.89 | 4.65 | 0.24 |

(ख) और (ग): जी नहीं। फिनिश्ड इस्पात का निर्यात पिछले वित्त वर्ष के अप्रैल-अक्टूबर की अवधि की तुलना में 2019-20 की संगत अवधि के दौरान बढ़ गया है और इस अवधि के दौरान हम निवल निर्यातक रहे हैं।

****